भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. 310*

जिसका उत्तर मंगलवार 11 अगस्त, 2015 को दिया जाना है

हल्के चौपहिया वाहनों से संबंधित सड़क दुर्घटनाएं

310*. **श्रीमती सुप्रिया सुले:**

श्री धनंजय महाडीक:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय वाहन परीक्षण और अनुसंधान एवं विकास अवसंरचना परियोजना (एनएटीआरआईपी) द्वारा किए गए एक अध्ययन से यह पता चला है कि सड़क दुर्घटनाओं के 65% पीड़ित व्यक्ति हल्के चौपहिया वाहनों में थे और यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ख) क्या सरकार ने सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं करने वाले वाहनों को अनिवार्य रूप से वापस मंगाने के संबंध में नीति लागू की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान सुरक्षा/खामियों के आधार पर वाहन निर्माताओं द्वारा वापस मंगाए गए वाहनों की संख्या कितनी है और वे कितने प्रकार के हैं; और

(घ) सरकार द्वारा यात्रियों/वाहन चालकों के हितों की रक्षा करने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री अनंत ग. गीते)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

******

विवरण

‘हल्के चौपहिया वाहनों से संबंधित सड़क दुर्घटनाएं’ के बारे में श्रीमती सुप्रिया सुले तथा श्री धनंजय महाडीक द्वारा दिनांक 11.08.2015 को पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या 310* के भाग (क) से (घ) तक के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क): नेट्रिप के दुर्घटना आंकड़ा विश्लेषण केन्द्र (एडीएसी) ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा एनएच-8 पर शुरू की गई ‘गुड़गाँव-जयपुर राजमार्ग पर दुर्घटना पीड़ितों के कैशलैस इलाज के लिए प्रायोगिक परियोजना’ में भाग लेकर हाल ही में गहन दुर्घटना आंकड़ा विश्लेषण शुरू किया है। इस परियोजना में दुर्घटना आंकड़ों का संग्रहण एवं विश्लेषण एक गहन अनुसंधान क्रियाकलाप है जिसके लिए भली-भांति किए गए अनुसंधान एवं विस्तृत निष्कर्षों पर पहुंचने के लिए प्रशिक्षित जनशक्ति दुर्घटना आंकड़ों का संग्रहण और अध्ययन किए जाने की आवश्यकता होती है। दुर्घटना आंकड़ा विश्लेषण केन्द्र ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली के सहयोग से 194 किमी की एक सड़क पर सीमित जनशक्ति के साथ दुर्घटना संबंधी कुछ आंकड़े इकट्ठे किए हैं। एक छोटी परियोजना होने की वजह से अब तक सीमित आंकड़ा इकट्ठा होने से, किसी विशिष्ट निष्कर्ष पर पहुंचना कठिन है।

(ख): वर्तमान में, मोटर वाहन अधिनियम, 1988 अथवा केन्द्रीय मोटर वाहन नियम 1989 के तहत वाहन अनिवार्य रूप से वापस मंगाने का ऐसा कोई प्रावधान नहीं है।

(ग): ऑटोमोबाइल विनिर्माताओं द्वारा वापस मंगाए गए वाहनों की संख्या और टाइप का विस्तृत विवरण संलग्न है।

(घ): सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने मसौदा सड़क परिवहन एवं सुरक्षा विधेयक, 2014 में एक सर्वांगीण दृष्टिकोण अपनाकर यात्रियों/चालकों के हित की सुरक्षा के लिए कदम उठाए गए हैं।

******

दिनांक 11.08.2015 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 310 का अनुबंध

क्र.सं.	संगठन	घोषणा की तारीख/ वापस मंगाने की प्रस्तावित तारीख	वाहनों का लक्ष्य (संख्या में)
1	**फोर्ड इंडिया प्रा. लिमिटेड**	16-दिसम्बर-14	19441
			2716
		23-जुलाई-12	111000
		23-जुलाई-12	17655
		11-जुलाई-13	972
		13-सितम्बर-13	131922
		13-सितम्बर-13	34099
		21-नवंबर-14	3072
2	**टोयोटा किर्लोसकर प्रा. लिमिटेड**	10-अक्टूबर-12	1904
		10-अक्टूबर-12	6782
		24-मई-13	1077
		12-नवंबर-14	119
		25-नवंबर-14	5834
		2-जुलाई-15	36
3	**होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्रा. लिमिटेड**	19-नवंबर-12	11506
4	**हुंडई मोटर इंडिया लि.**	24-मई-14	2437
5	**महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लि.**	15-नवंबर-14	2341
		8-मार्च-13	24695
		12-फरवरी-15	99283
		2-दिसम्बर-13	985
		7-जुलाई-14	23519
6	**मारुति सुजुकी इंडिया लि.**	27-नवंबर-13	176
			416
		27-नवंबर-13	130
			451
		27-नवंबर-13	78
			228
		27-नवंबर-13	13

		15-अप्रैल-14	14919
			32318
		15-अप्रैल-14	11853
			30628
		15-अप्रैल-14	3197
			10396
		30-सितम्बर-14	54858
			1080
			12470
			16
			1131
		10-मार्च-15	19780
			13318
7	**निसान मोटर इंडिया प्रा. लि.**	22-मई-13	6286
		22-मई-13	15902
		10-नवंबर-14	5895
			104
		1-सितम्बर-15	587
			92
			2
			2
		1-सितम्बर-15	310
			410
		1-जुलाई-15	6495
			5106
8	**होंडा कार्स इंडिया लि.**	27-अक्टूबर-14	1040
			1235
			63
		29-जून-13	42672
		5-मई-14	15603
		5-मई-14	15623
		7-अगस्त-14	1075
			253
			1
		15-मई-15	10805
			575
			1
9	**रेनो इंडिया**	15-जनवरी-15	620
			26
		22-मई-13	2836
		22-मई-13	4180
10	**इंडिया यामाहा मोटर प्रा. लि.**	20-जुलाई-13	56082
		7-मार्च-14	138
11	**ऑडी इंडिया (फोक्सवेगन ग्रुप सेल्स इंडिया प्रा. लि. का प्रभाग)**	16-मार्च-15	25
		3-नवंबर-14	6758
		25-सितम्बर-14	382
12	**जैगुआर लैंड रोवर लि.**	अगस्त, 2013 के अंत में	1
		अगस्त, 2013 के अंत में	516
13	**जनरल मोटर्स**	13-जुलाई-15	155000
		योग	**1065552**

****